Lawyers get mediation edge

OUR CORRESPONDENT

Dhanbad, Nov. 29: Legal mediation in civil and non-violent criminal cases is sometimes a better option than costly and time-consuming lawsuits.

As many as 29 advocates from across 11 districts of Jharkhand are being taught this approach to settle legal disputes during a 20-hour capsule course, spread over three days, at Bokaro Niwas, which started today.

Chief guest Justice D.N. Patel, who is a Jharkhand High Court judge, inaugurated the workshop, organised by Mediation and Conciliation Project Committee of the Supreme Court in association with Jharkhand State Legal Services Authority (JHALSA) and District Legal Services Authority (DLSA) of Bokaro.

Delhi experts Manmohan Sharma and Rajesh Gupta have been roped in to apprise the participants of the latest aspects of mediation.

Jharkhand High Court judge Justice DN Patel lights the ceremonial lamp to launch the legal mediation capsule course at Bokaro Niwas on Sunday. Picture by Pankaj Singh

Most civil and some non-violent criminal cases like verbal abuse are settled through mediation. Civil mediation often involves divorce and child custody, disputes between family members, neighbours, business partners, landlords and tenants, labour unions and management.

Out of 29 mediation advocates undergoing the course, eight are from Bokaro, five from Deoghar, three each from Dhanbad and Palamau, two each from Dumka, Giridih, Hazaribagh and Lohardaga and one each from Sahebganj and Godda.

They will be taught advantages of mediation over lawsuits such as confidentiality, cost-effectiveness and faster resolution, among other aspects.

Bokaro DLSA secretary, Manish Ranjan said several problems like the complexity of the cases and unwillingness of the to settle make the mediation difficult. "The sessions on November 29, 30 and December 1 will emphasise on telling advocates the ways of convincing the parties to settle issues by telling them about the advantages of mediation."

Bokaro DC Manoj Kumar, SP Y.R. Ramesh, SAIL executive director Atul Srivastva and principal district and sessions judge of Bokaro Santosh Prasad were among those present today.

Similar courses have been earlier held in Dumka and Jamshedpur.

बोकारो जागरण

मौसम

दिन में मध्यम हवा चलती रहेगी। आंशिक बादल बने रहेंगे। सुबह का मौसम शीतल रहेगा। दिन में मौसम आनंददायक और उमसयुक्त होगा।

सूर्य 4:57 (अस्त) 6:11 (उदय-कल)
तापमान 27.0 (अधि.) 15.0 (न्यून.)
आर्द्रता 86 (अधि.) 39 (न्यून.)

॥ प्रणाम ॥

स्व प्रेरित होकर कार्य करना किसी बुद्धिमान व्यक्ति का सबसे मजबूत गुण होता है।

अजात

सोमवार, मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत 2072

- श्री राम मंदिर में प्रात:कालीन आरती, सुबह 7 बजे।

मध्यस्थता से करें वाद का निपटारा

व्यक्तिगत रिश्तों को सुरक्षित रखने में मेडिएशन सहायक : जस्टिस पटेल

प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते झारखंड हाई कोर्ट प्रधान न्यायाधीश डीएन पटेल व कार्यक्रम में उपस्थित एसपी, डीसी, बीएसएल अधिकारी। जागरण

जागरण संवाददाता, बोकारो : जिस प्रकार चिकित्सा जगत में डॉक्टर छोटी बीमारी का ऑपरेशन नहीं कर दवा से ठीक कर देता है उसी तरह न्यायिक व्यवस्था में भी यह जरूरी नहीं है कि हर छोटे मामले को हाईकोर्ट या फिर सुप्रीम कोर्ट ले जाया जाए। ऐसे मामले मेडिएशन के माध्यम से सुलझाए जा सकते हैं। यह कहना है झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष डीएन पटेल का।

रविवार को बोकारो निवास में मध्यस्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद जस्टिस पटेल लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में सुप्रीम कोर्ट ने कई बार ऐसा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया है। राज्य में 45.65 प्रतिशत मामलों में सफलता मिली है। इस वर्ष इसे 60 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। भरोसा है कि बहुत जल्द ऐसे मामलों में सौ फीसदी सफलता मिलेगी। कहा कि मेडिएशन से रिश्ते सुरक्षित रहते हैं। पति-पत्नी का मामला हो या फिर नियोक्ता व कर्मचारी के बीच का संबंध, मध्यस्थता से रिश्ते बने रहते हैं। मध्यस्थता समय की मांग है। इसमें पचास प्रतिशत वाद खर्च वापस होता है तो कहीं अपील भी नहीं होती है। इस कार्यक्रम में आठ जिलों के लगभग 29 प्रशिक्षित मध्यस्थ प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण एक दिसंबर तक चलेगा।

कार्यक्रम में सदस्य सचिव झालसा नवनीत कुमार, सुप्रीम कोर्ट के मास्टर ट्रेनर सह दिल्ली के एडीजे मनमोहन शर्मा, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता राजेश गुप्ता, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय प्रसाद, डीसी मनोज कुमार, एसपी वाईएस रमेश, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव

- बोकारो निवास में झालसा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

मनीष रंजन, झारखंड बार काउंसिल के सदस्य एसएन राय, एलपी सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सीताराम रवानी, महासचिव एमके श्रीवास्तव समेत सभी न्यायिक अधिकारी उपस्थित थे। स्वागत भाषण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष संजय प्रसाद ने किया। संचालन एसीजेएम अमित शेखर ने किया।

एक नजर

छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

कारो : बालीडीह पुलिस ने विधवा महिला साथ छेड़खानी के आरोपी बंदी व अर्जुन को फ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ विधवा ला ने घर में घुसकर छेड़खानी करने का ा जड़ा था।

टेलीशॉप की ठगी का शिकार हुआ युवक

मौसम ने ली

जासं. बोकारो : शनिवार की र तक आसमान साफ नहीं हुआ वाहनों की लाइट जलाकर सफ

कार्यशाला | मध्यस्थता केंद्र में सुनवाई होने से अदालतों का बोझ हुआ कम, दो वर्ष में 45.65% लक्ष्य की प्राप्ति

मध्यस्थता केंद्र न्याय का बेहतर माध्यम

» पूर्वी भारत में बेहतर कार्य के लिए झारखंड को मिला सम्मान

भास्कर न्यूज | बोकारो

मध्यस्थता केंद्र न्याय दिलाने का सबसे बेहतर माध्यम है। अभी तक दो साल में राज्य भर में 45.65 फीसदी मामलों का निष्पादन करने का नया रिकार्ड बनाया गया है। शीघ्र ही 100 फीसदी का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। मध्यस्थता केंद्र में रांची और बोकारो ने सर्वाधिक मामलों का निष्पादन किया गया है। इसके लिए झारखंड को पूर्वी भारत में सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। मध्यस्थता केंद्र में होने वाली सुनवाई से पक्ष और विपक्ष दोनों पर ही पड़ने वाले अतिरिक्त भार से निजात मिलती है। यह कहना है झारखंड उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश डीएन पटेल का। वे बोकारो निवास में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में मध्यस्थता केंद्र पर आयोजित कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलन के साथ उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता केंद्र में छोटे छोटे मामलों का निष्पादन करने से कोर्ट पर बढ़े हुए बोझ में कमी आयी है।

कार्यशाला में मंचासीन अतिथिगण।

न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता।

न्यायाधीश ने किया कोर्ट का निरीक्षण

न्यायाधीश डीएन पटेल ने व्यवहार न्यायालय, स्थायी लोक अदालत और प्रधान जिला जज के कार्यालय का रविवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के क्रम में उन्होंने प्रधान जिला जज कार्यालय के सामने ही मध्यस्थता केंद्र का एक नया भवन बनाने के लिए स्थान का भी चयन किया।

खर्च कम, तनाव और विवाद भी खत्म

न्यायाधीश ने कहा कि केंद्र के माध्यम से होने वाली सुनवाई से लोगों के खर्च तो बचते ही हैं, साथ ही साथ काफी दिनों से चले आ रहे उनके बीच का तनाव और विवाद भी खत्म हो जाता है। जिससे दोनों पक्षों का आपसी भाईचारा भी बरकरार होता है। विशिष्ट अतिथि हाईकोर्ट के न्यायाधीश आरके प्रसाद ने कहा कि मध्यस्थता केंद्र दो पक्षों के बीच के विवाद को दूर करने का सबसे बेहतर प्लेटफार्म हैं जिसमें बगैर पैसे के ही एक तीसरे पक्ष के न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित होते हैं। इनके माध्यम से विवाद को दूर किया जाता है। उन्होंने बताया कि एक मध्यस्थ बातचीत के माध्यम से सभी पक्षों को मैत्रीपूर्ण तरीके से विवाद को निपटाने में मदद पहुंचाता है। जो सभी पक्षों की रजामंदी से करार दिलाने में सहयोग पहुंचाता है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय प्रसाद ने कहा कि ऐसे मामले जो जांच में हैं, उन्हें मध्यस्थता केंद्र में भेजकर मामले को सुलझाया जा सकता है। ऐसे में अधिक से अधिक छोटे छोटे मामलों का निपटारा मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से ही हो जाएगा। उपायुक्त मनोज कुमार ने कहा कि किसी मध्यस्थ की सहायता से विवादों को निपटाने का कार्य ही मध्यस्थता केंद्र करता है। उन्होंने बताया कि छोटे छोटे मामलों को अधिक से अधिक इस केंद्र में भेजने से कोर्ट पर पड़ने वाले बोझ तो कम होंगे ही साथ ही साथ लोगों को भी खर्च से बचाया जा सकता है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सीता राम रवानी ने कहा कि न्यायालय से मुकदमे के बोझ को कम करने के लिए ही मध्यस्थता केंद्र खोला गया है, ताकि लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। कार्यक्रम का संचालन अमित शेखर ने किया। इसके पहले मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। प्रथम दिन के दिल्ली से आए हुए न्यायिक पदाधिकारी मनमोहन शर्मा और राजेश गुप्ता ने मध्यस्थता केंद्र के बारे में जानकारी दी।

-खेल में दो एकम दो, दो दूनी चार

एक वर्षीय B.Ed करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा और अंतिम मौका
Session (सत्र) 2014-2015 (एक-वर्षीय)
B.Ed कोर्स



am Kunj", Nawadih, B.Polytechnic, Dhanbad - 828130
l : ggcet@rediffmail.com, Website : www.xis.edu.in
act : +91-326-6451349, +91-9234686509

sa

झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डीएन पटेल बोले

बढ़ेगी मध्यस्थता केंद्र की उपयोगिता

फोटो । प्रभात खबर

मंचासीन न्यायमूर्ति डीएन पटेल व अन्य.

संवाददाता, बोकारो

आने वाले दिन में मध्यस्थता केंद्र की उपयोगिता काफी बढ़ जायेगी. कम समय व बिना किसी खर्च के विवाद का निबटारा होने के कारण लोगों की जागरुकता मध्यस्थता केंद्र की तरफ बढ़ी है. इस कारण मध्यस्था केंद्र काफी तेजी से प्रगति करेंगे. यहां आने वाले लोगों को न्यायालय का चक्कर लगाये बिना ही कुछ समय में विवाद से शीघ्र मुक्ति मिल जाती है. यह कहना है झालसा के एक्सक्यूटिव चेयरमैन व झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डीएन पटेल का. वह रविवार को सेक्टर पांच स्थित बोकारो निवास के सभागार में 20 आवर्स कैप्सूल कोर्स ऑन मेडिटेशन कार्यक्रम में बोल रहे थे. कहा : मध्यस्थता केंद्र विवादों से शीघ्र निबटारा के लिए सबसे उचित माध्यम है. विवादों का निष्पादन करने के लिए केंद्र के मीडियेटर को प्रशिक्षण देकर एक्सपर्ट बनाया जा रहा है. केंद्र में कोर्ट की जगह दोनों पक्ष के लोग व एक्सपर्ट बैठ कर आपसी सहमति के आधार पर मामले का निबटारा करते हैं.

केंद्र में इन मामलों का होगा समाधान : मध्यस्थता केंद्र में वैवाहिक, पारिवारिक, मजदूरी, रुपया लेन-देन, चेक बाउंस, अपराध के सुलहनीय व विभिन्न प्रकार के सुलहनीय मामलों का निबटारा किया जाता है. केंद्र में आकर विवाद निबटाने वाले किसी भी पक्ष की हार या जीत नहीं होती है. विवाद के निबटारा के बाद दोनों पक्षों के बीच प्रेम बढ़ता है.

झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक

प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

धनबाद, रांची, पटना, जमशेदपुर, देवघर, कोलकाता, सिलीगुड़ी, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया से प्रकाशित

- 30 नवंबर 1858 को प्रसिद्ध वनस्पतिशास्त्री जगदीशचंद्र बोस का जन्म फरीदपुर, ढाका में हुआ था.
- विश्व में पहली बार 1885 में उन्होंने रेडियो तरंगों द्वारा बेतार संचार का प्रदर्शन किया. उन्होंने यह प्रदर्शन मारकोनी के संचार प्रदर्शन से दो वर्ष पूर्व ही कर दिया था.
- वे पहले ऐसे वैज्ञानिक थे जिन्होंने इस तथ्य को स्थापित किया कि पेड़-पौधे में भी जीवन होता है.
- उन्हें साल 1917 में नाइट की उपाधि प्रदान की गयी. वे रॉयल सोसाइटी ऑफ लंदन के फेलो भी रहे. बोस रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना की और 1937 तक निदेशक रहे.
- 23 नवंबर 1937 को उनकी मृत्यु गिरिडीह में हुई.

INTERNATIONAL
IER'S
IATIONAL SCHOOL
DHANBAD
ADMISSIONS OPEN
SESSION : 2016 - 17
NURSERY - STD. IX
EL FACILITIES FOR BOYS & GIRLS | HORSE RIDING, SHOOTING, SWIMMING & SPECIAL SPORTS COACHES
"Sri Ram Kunj", Nawadih, B.Polytechnic, Dhanbad - 828130
E-mail : ggcet@rediffmail.com, Website : www.xis.edu.in
Contact : +91-326-6451349, +91-9234686509

भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक. सांसद-विधायक के रवैये पर फूटा गुस्सा

स्थानीय नीति तैयार, इसी र्ष करेंगे घोषणा : सीएम

संवाददाता, रांची

दास ने कहा है कि
र है. सरकार इसी वर्ष
देगी. बोर्ड-निगम
जायेगा. मुख्यमंत्री
और प्रदेश स्तर
के साथ अपने
न बैठक में
नी जानकारी
सरकार के
अफसरों के
चार और
वैये पर
ी की.
मान
से
कि
है.

अंदर की बात **भ्रष्टाचार का मामला भी उठा**

- अफसर बेलगाम हैं, भ्रष्टाचार चरम पर है
- भाजपा नेता-कार्यकर्ता की बात अफसर नहीं सुनते.
- गरीबों से भी काम के लिए पैसे लिये जाते हैं.
- पार्टी के सांसद-विधायक कार्यकर्ता को सम्मान नहीं देते, नौकर जैसा व्यवहार करते हैं

मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

कार्यकर्ताओं की बातें सुनने के बाद मुख्यमंत्री रघुवर दास ने आश्वस्त किया कि व्यवस्था बदलने में समय लगता है. भ्रष्टाचार से किसी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे. कार्यकर्ता तथ्य के साथ भ्रष्टाचार का मामला लायें, कितना बड़ा आदमी हो, उस पर कार्रवाई होगी. बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी त्रिवेंद्र सिंह रावत और सह प्रभारी रामविचार नेताम ने भी अपनी बातें रखीं.

सुनील सिंह दो कार्यकर्ता का नाम नहीं बता सकते

चतरा से आये कार्यकर्ताओं ने कहा कि सांसद सुनील सिंह दो स्थानीय कार्यकर्ताओं का नाम तक नहीं बता सकते हैं. वह क्षेत्र में कार्यकर्ता और नेताओं को सम्मान नहीं देते. इनके यहां कार्यकर्ता की कोई पूछ नहीं है.

पलामू में मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास दिसंबर तक

प्रमुख संवाददाता, रांची

पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा : पलामू में इसी साल मेडिकल कॉलेज और नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के लिए भवनों का शिलान्यास हो जायेगा. 20 सूत्री के साथ अन्य समितियों का गठन भी दिसंबर में कर लिया जायेगा. बिजली, सड़क व सिंचाई के लिए ठोस कदम उठाये गये हैं. 2018 तक हर गांव में बिजली पहुंच जायेगी. गरीब परिवारों को हम दो-दो गाय देंगे. शेष 15 पर

रघुवर दास ने कहा

- 20 सूत्री व अन्य समितियों का गठन दिसंबर में
- पार्टी कार्यकर्ता धैर्य व विश्वास रखें, काम दिखेगा
- शिकायतों पर 24 घंटे में कार्रवाई होगी
- हर तीन माह में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठेंगे
- भ्रष्टाचार मिटाने में पार्टी पदाधिकारी सहयोग करें
- बेवजह आलोचना में न फंसें

झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डीएन पटेल बोले

बढ़ेगी मध्यस्थता केंद्र की उपयोगिता

मंचासीन न्यायमूर्ति डीएन पटेल व अन्य. फोटो। प्रभात खबर

संवाददाता, बोकारो

आने वाले दिन में मध्यस्थता केंद्र की उपयोगिता काफी बढ़ जायेगी. कम समय व बिना किसी खर्च के विवाद का निबटारा होने के कारण लोगों की जागरुकता मध्यस्थता केंद्र की तरफ बढ़ी है. इस कारण मध्यस्था केंद्र काफी तेजी से प्रगति करेंगे. यहां आने वाले लोगों को न्यायालय का चक्कर लगाये बिना ही कुछ समय में विवाद से शीघ्र मुक्ति मिल जाती है. यह कहना है झालसा के एक्सक्यूटिव चेयरमैन व झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डीएन पटेल का. वह रविवार को सेक्टर पांच स्थित बोकारो निवास के सभागार में 20 आवर्स कैप्सूल कोर्स ऑन मेडिटेशन कार्यक्रम में बोल रहे थे. कहा : मध्यस्थता केंद्र विवादों से शीघ्र निबटारा के लिए सबसे उचित माध्यम है. विवादों का निष्पादन करने के लिए केंद्र के मीडियेटर को प्रशिक्षण देकर एक्सपर्ट बनाया जा रहा है. केंद्र में कोर्ट की जगह दोनों पक्ष के लोग व एक्सपर्ट बैठ कर आपसी सहमति के आधार पर मामले का निबटारा करते हैं.

केंद्र में इन मामलों का होगा समाधान : मध्यस्थता केंद्र में वैवाहिक, पारिवारिक, मजदूरी, रुपया लेन-देन, चेक बाउंस, अपराध के सुलहनीय व विभिन्न प्रकार के सुलहनीय मामलों का निबटारा किया जाता है. केंद्र में आकर विवाद निबटाने वाले किसी भी पक्ष की हार या जीत नहीं होती है. विवाद के निबटारा के बाद दोनों पक्षों के बीच प्रेम बढ़ता है.

चंदनकियारी में बनेगा

अतैश संतोष की आशंका में पत्नी की कर दी हत्या